1927.राजस्थान में बारम्बार होने वाले सूखे एवं अकाल का प्रमुख कारण है–

(a) वनों का अवक्रमण (b) जल का अविवेकपूर्ण उपयोग
(c) अनियमित वर्षा (d) भूमि का कटाव

उत्तर - (c)

RPSC RAS/RTS 1997-98

व्याख्या–राजस्थान में हमेशा होने वाले सूखे एवं अकाल का प्रमुख कारण कम तथा अनियमित वर्षा का होना है। राजस्थान में वर्षा की न्यूनता के लिए प्राकृतिक अवरोध का अभाव एक प्रमुख कारण है। राजस्थान में अरावली की श्रेणियों का विस्तार हवाओं के समानान्तर होने तथा ऊंचाई अधिक न होने के कारण यह श्रेणी जल से भरी हवाओं को रोककर वर्षा कराने में सहायक नहीं हैं।

1928. राजस्थान की `चकवाड़ा घटना' किससे सम्बन्धित है?

(1) धार्मिक स्थल में प्रवेश (2) चारागाह का उपयोग
(3) सार्वजनिक जलाशय का उपयोग (4) आरक्षण आन्दोलन

उत्तर–(3)

RPSC RAS/RTS 2006-07

व्याख्या– राजस्थान की `चकवाड़ा घटना' सार्वजनिक जलाशय के उपयोग सम्बन्धित था।

1929.राजस्थान राष्ट्रीय केमिकल्स एण्ड फर्टिलाइजर्स को स्थापित किया गया है–

(1) चित्तौड़ जिले के कपासन में (2) कोटा जिले के गड़ेपान में
(3) हनुमानगढ़ जिले के रावतसर में (4) भीलवाड़ा जिले के हुरड़ा में

उत्तर–(2)

RPSC RAS/RTS 2006-07

व्याख्या–राजस्थान राष्ट्रीय केमिकल्स एण्ड फर्टिलाइजर्स कोटा जिले के गड़ेपान में स्थापित किया गया है।

1930.किस साल में बाड़मेर के कवास स्थान पर भीषण बाढ़ आयी थी?

(a) 2005 (b) 2006 (c) 2007 (d) 2008

उत्तर – (b)

RPSC RAS/RTS 2008

व्याख्या- 2006 में बाड़मेर के कवास स्थान पर भीषण बाढ़ आयी थी।

(xx) राजस्थान : वन

1931. इंडस्ट्रियल पार्क रेटिंग सिस्टम (IPRS) रिपोर्ट 2.0 के अनुसार, राजस्थान में कितने पार्कों को 'लीडर' के रूप में दर्जा दिया गया है?

(a) 11 (b) 14
(c) 17 (d) 20

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-B

Ans. (c) : वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी औद्योगिक पार्क रेटिंग प्रणाली रिपोर्ट 2.0 में विभिन्न राज्यों में 41 औद्योगिक पार्कों को बुनियादी ढांचा और अन्य मापदंडों के आधार पर 'लीडर' की श्रेणी में रखा गया है। इसमें राजस्थान के 17 पार्कों को लीडर की श्रेणी में रखा गया है।

1932. निम्नलिखित में से किस जिले में अधिकतम आरक्षित वन क्षेत्र है?

(a) सिरोही (b) उदयपुर
(c) करौली (d) बारां

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-B

Ans. (b) : वन स्थिति रिपोर्ट 2021 के अनुसार राजस्थान में कुल वन क्षेत्र 3286462.165 हेक्टेयर है, जिसमें आरक्षित वन 1217623.547 हेक्टेयर रक्षित वन 1856445.367 हेक्टेयर और अवर्गीकृत वन 21239.25 हेक्टेयर है। सर्वाधिक आरक्षित वन क्षेत्र उदयपुर में (194940.89 हेक्टेयर) है।

1933. खस की घास मुख्य रूप से राजस्थान में पाई जाती है-

(a) भरतपुर और टोंक वन विभाग में
(b) पश्चिमी राजस्थान में
(c) दक्षिणी-पूर्वी राजस्थान (हाड़ौती) में
(d) आबू पर्वत क्षेत्र में

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-A

Ans. (a) : खस घास एक बहुपयोगी घास है जो राजस्थान के सवाई माधोपुर, भरतपुर और टोंक वन विभाग में पाई जाती है। इस घास का प्रयोग शर्बत बनाने, सुगंधित इत्र बनाने टाट, परदे इत्यादि बनाए जाने के लिए किया जाता है।

1934. राजस्थान राज्य पर्यावरण नीति किस वर्ष में घोषित की गई?

(a) 2008 (b) 2010
(c) 2013 (d) 2018

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-A

Ans. (b) : राजस्थान राज्य पर्यावरण नीति 2010 में पारित की गई थी। इस नीति के अंतर्गत प्लास्टिक कैरी बैग पर प्रतिबंध, फसल अपशिष्ट को जलाने पर प्रतिबंध, राष्ट्रीय झील संरक्षण योजना इत्यादि का प्रावधान है।

1935. माउंट आबू के आसपास, जहाँ वर्षा 150 से.मी. से अधिक है, वन पाए जाते हैं–

(a) अर्द्ध उष्ण सदाबहार वन
(b) उष्णकटिबंधीय शुष्क पतझड़ वन
(c) उष्णकटिबंधीय काँटेदार वन
(d) मिश्रित पतझड़ वन

RPSC ARO/AARO-2022 G.K. & Horticulture

Ans. (a) : माउंट आबू के आसपास, जहाँ वर्षा 150 से.मी. से अधिक होती है ऐसे क्षेत्र में अर्द्ध उष्ण सदाबहार वन पाया जाता है। इस प्रकार के वन अधिक वर्षा वाले क्षेत्रों में उत्पन्न होते हैं। यहाँ पर सिरस, नीम,सागवन, अम्बरतरी, बेल, जामुन, आम, बांस, केवड़ा आदि के वृक्ष पाये जाते हैं। ये वन लगभग 32 वर्ग किमी. क्षेत्र में पाये जाते हैं।

1936. वन विभाग की प्रशासनिक रिपोर्ट 2020-21 के अनुसार राजस्थान का कुल वन क्षेत्र है–

(a) 32,737 वर्ग कि.मी. (b) 31,845 वर्ग कि.मी.
(c) 32,863 वर्ग कि.मी. (d) 33,340 वर्ग कि.मी.

RPSC वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 दिनांक 13-11-2022

Ans. (c) : वन विभाग की प्रशासनिक रिपोर्ट 2020-21 के अनुसार राजस्थान का कुल वन क्षेत्र 32,862.50 वर्ग कि.मी. है। जो राज्य के भौगोलिक क्षेत्रफल का 9.60प्रतिशत है।

1937. 2021 में राजस्थान के किस जिले में सर्वाधिक क्षेत्र में सघन वन पाये जाते हैं?

(a) उदयपुर (b) सिरोही
(c) अलवर (d) प्रतापगढ़

RPSC Van Rakshak Exam 11.12.2022 Shift-I